# नगर पालिक निगम भिलाई

## त्रैमासिक पत्रिका
## अप्रैल, मई, जून संस्करण 2016




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

## संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान, खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी छेत्रों में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई



श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## संदेश

हमारा प्रयास है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों को मुलभुत सुविधाओं के साथ–साथ, षासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहे। अपने सीमित संसाधनों एवं क्षमता के अनुरुप निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है। अमृत मिषन योजना के अंतर्गत षहर को प्रदूषण मुक्त करने एवं षहर के नागरिकों को षुद्ध पेयजल प्रदान करने की कार्य योजना को समय पर पुरा करने के साथ निगम भिलाई ई–गवर्नेन्स रिफॉर्म क्रियान्वयन हेतु कृत संकल्पित है। अपने नगर को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवष्यकता है।

आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## लोक सुराज अभियान के प्रथम दिवस मंत्री ने किया 57 लाख के विकास कार्यो का लोकापर्ण, भूमि पूजन

भिलाई नगर/लोक सुराज अभियान के चौपाल में छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रमशीला साहू ने कहा कि सुराज अभियान सरकार ने जनता की समस्याओं को उनके द्वार मे ही जानकर उसका निदान करने के लिए प्रारंभ किया है। सरकार की योजनाओं में जनता की भागीदारी होने पर ही योजना की सफलता है, नीजि शौचालय का निर्माण वार्ड के हर घर में हो, ताकि आपका वार्ड खुले शौच से मुक्त घोषित हो सकें।

सुराज अभियान के अन्तर्गत् निगम भिलाई में शुरूवात वार्ड 1 खम्हरिया, 39 पुरैना, 40 जोरातराई से किया गया, प्रातः 10.30 से 4.30 बजें तक निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने वार्ड के मुहल्लों का घुम–घुम कर जन समस्याओ एवं मांग कि जानकारी एकत्र की। संध्या 5 बजे ग्राम पुरैना, जोरातराई, में प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रमशीला साहू के उपस्थिति में ग्राम कें चौक में चौपाल का आयोजन किया गया । जिसमें वार्ड के पार्षद एवं महिलाओं तथा नागरिकों द्वारा अधिकारियों के भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों शिकायत, समस्या, को पढकर सुनाया गया। जिसके निराकरण की जानकारी चौपाल में निगम के अभियंता एस.पी.साहू ने दी।

आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पुरैना 29 में विगत 2 वर्षो में 220 लाख के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें 180 लाख के कार्य पूर्ण हो चूके हैं। जिसमे प्रमुख रूप से पुरैना बस्ती से रेल्वे स्टेशन तक मुख्य मार्ग का 102 लाख कि लागत से सड़क डामरीकरण, 46 लाख कि लागत से मंगल भवन का निर्माण, स्टोरपारा में 14 लाख कि लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, 13.59 लाख कि लागत से उचित मुल्य कि दुकान एवं गोदाम का निर्माण, सहित 14 अन्य कार्य पूर्ण किया गया हैं। पेयजल के लिए अतिरिक्त पाईप लाईन एवं गर्मी के समय परिवहन के माध्यम से पानी प्रदाय किया जा रहा है, इसी प्रकार जोरातराई में 19 लाख की लागत से सिंमेटी करण कार्य, शीतला मंदिर उडियापारा, मिलन चौक, बाजार चौक, एवं वार्ड के विभिन्न स्थानों में 13.17 लाख रूपये कि लागत से सिंमेटी करण कार्य, 11.12 लाख कि लागत सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, 10 लाख कि लागत से विभिन्न स्थानों में सिंमेटी करण एवं नाली निर्माण का कार्य तथा 4.50 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया हैं। जिसका लोकापर्ण लोक सुराज अभियान के प्रथम दिवस मंत्री श्रीमती साहू ने किया है।

# अशुद्ध जल रिसाइक्लिंग प्लांट प्रदेश के निकायों के लिए मॉडल होगा: अमर अग्रवाल

भिलाईनगर/अशुद्ध जल का शुद्ध कर पीने लायक बनाने का संयंत्र भिलाई निगम द्वारा स्थापित किया जाना जल सरंक्षण कि दिशा में प्रदेश के अन्य निगमों के लिए यह संयंत्र मॉडल स्वरूप होगा।

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय निकाय एंव विकास मंत्री अमर अग्रवाल ने 77 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अशुद्ध जल को शुद्ध करने स्थापित संयंत्र के लोकार्पण अवसर पर उक्त उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जल संरक्षण की दिशा में किया गया यह प्रयास लोक सुराज क`जल संरक्षण विषय को सार्थक कर रहा है। निगम ने पानी की हर बुन्द को बचाने का जो प्रयास किया है, वह प्रशंसनीय है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि 77 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र नेहरू नगर से भिलाई के वार्डो में पेयजल की आपूर्ति कि जा रही हैं। शिवनाथ नदी से आने वालें जल को फिल्टर प्लांट में शोधन कर उसे पीने लायक बनाकर भिलाई निगम क्षेत्र के जनता की प्यास बुझाई जा रही हैं। जल शोधन के दौरान प्रयोग होने वाले चुना, फिटकिरी एवं अन्य केमिकल के प्रयोग से जो 4 एम.एल.डी. अशुद्ध जल निकलता है, उस अशुद्ध जल को शुद्ध कर पेयजल के रूप में आपूर्ति किये जाने हेतु यह संयंत्र कारगर शाबित होगा। इससे 50 हजार लोगों की प्यास बुझाई जा सकेगी। इसके पूर्व महापौर देवेन्द्र यादव ने फिल्टर प्लांट की विशेषताओं के साथ अशुद्ध जल रिसाइक्लिंग प्लांट के कार्य प्रणाली का विवरण अपने उद्बबोधन में अतिथियों के समक्ष रखा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, श्रीमती रमशीला साहू, वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विद्या रतन भसीन, महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी.श्याम.सुन्दर राव, नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, जोन अध्यक्ष राकेश अरोरा मंच पर उपस्थित थें। इस अवसर पर पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा, भोजराज सिन्हा, दीपक रावना, राजेश प्रधान, धनेश्वरी साहू, रामानन्द मौर्य, गायत्री यादव नगरीय निकाय के संचालक रोहित यादव, जिलाधीश श्रीमती आर.शंगीता, एस.पी. मयंक श्रीवास्तव, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा सहित संजय दानी, शंकर लाल देवांगन, मनोज तिवारी, रीना नायर, प्रमोद सिंह, राम कुमार गुप्ता, शरद बिजवे, प्रकाश अग्रवाल, मदन सेन, विद्या शुक्ला, मीरा बोरकर, रमा श्रीवास्तव, अलीमुदीन सिद्धकी, जुनेब खान, मीना शुक्ला, हेमंत निषाद, सहित नगर के गणमान्य नागरिक निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन शरद दुबे ने किया। अभार प्रदर्शन जोन अध्यक्ष राकेश अरोरा ने किया।

# शासन की स्मार्ट कार्ड योजना ने मेरी बेटी की जान बचाई

भिलाईनगर/मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का स्मार्ट कार्ड होने के वजह से ही मेरी बेटी का इलाज संम्भव हो सका। बेटी को किडनी की बीमारी की बीमारी, पेशाब में रूकावट होने के कारण पूरे शरीर में सूजन हो जाता था कर्जा ले लेकर अपनी बेटी का इलाज करवाती थी, स्मार्ट कार्ड बनवाने के बाद स्मार्ट कार्ड लेकर रायपुर मेकाहारा अस्पताल में इलाज करवाई पैसा कम पडने के बाद संजीवनी के माध्यम से भी पैसा सीधे खाते मे पैसा आता था. जिससे डॉक्टरों की इलाज दवाई आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से हो सका। ऐसा कहना है कुलसीया बाई उम्र 45 वर्ष वार्ड 5 राजीव नगर सुपेला, इन्दर बाई कृष्णा नगर सुपेला उम्र 59 वर्ष यह बताते हुए बहुत खुश है कि मेरा व मेरे पूरे परिवार की इलाज स्मार्ट कार्ड के माध्यम से हो जाता है।

शासन की महत्वकांक्षी योजना के बारे मे चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर भिलाई के जन सम्पर्क विभाग के द्वारा जानकारी दी गई कि उनके यहां 40 प्रतिशत मरीज स्मार्ट कार्ड लेकर आते है जिनका इलाज शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप किया जाता है, मरीज को प्रतिदिन खाने का भत्ता 100 रू., इलाज के बाद घर जाने का यात्रा भत्ता 100 रू दिया जाता है, 5 दिन की दवाई भी साथ में उपलब्ध कराई जाती है। पत्रकार मोहन राव ने कहा मैंने जांच कि मेरे स्मार्ट कार्ड के खाते में तीस हजार रूपया है जरूरत पडने पर अपने व परिवार का इलाज करवा सकता हूं।

## पेयजल सफाई, अतिक्रमण से संबंधित आवेदनों को निराकरण शीघ्रता से करे– आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा

भिलाई नगर/आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने समीक्षा बैंठक में सभी विभाग प्रमुख, जोन कमिश्नर, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य व राजस्व विभाग के अधिकारियों से नागरिकों के आवेदन के त्वरित निराकरण करें, पेयजल सफाई, अतिक्रमण से संबंधित आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से करे। आवेदन निराकरण के साथ फोटोग्राफ एवं आवेदक को जानकारी भी देवें।

आयुक्त ने कलेक्टर, मुख्यमंत्री, शासन के जन दर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करे। आधार कार्ड बैंक खाता का लिंक करने एवं स्मार्ट कार्ड बनाने का कार्य भी शीघ्रता से समय सीमा में करें, ताकि पेंशन एवं राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को लाभ मिलता रहें।

विकास कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करें। क्वालिटी का निरतंर निरीक्षण करते रहें, क्वालिटी में किसी प्रकार की शिकायते नहीं मिलनी चाहिए। प्रत्येक कार्य समय सीमा के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

# नगर निगम भिलाई होगा अब पेपरलेस



निगम सभागार में विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई

भिलाईनगर. सरकार की ई गवर्नेंश तथा पेपर लेस गवर्मेन्ट की अवधारणा को साकार देने निगम भिलाई लगातार प्रयासरत है. नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में लोक सेवा के माध्यम से ई प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है. वहीं कार्यालय के इलेक्ट्रानिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने आज निगम के सभागार में डाटा सेन्टर द्वारा निगम के समस्त नव नियुक्ति इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटरों को एक कार्य शाला के माध्यम से टैंडरिंग प्रक्रिया ऑन लाईन भवन अनुज्ञा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रगति, ऑन लाइन प्रविष्ठि के बारे में जानकारी दी गई.

ई गवर्नेंश के नोडल अधिकारी बी के देवांगन एवं प्रोग्रामर, सुश्री दिप्ती साहू ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को बताया कि ई टेंडरिंग प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार ने जो मापदण्ड निर्धारित किए हैं अर्थात 20 लाख से ऊपर के निविदा को ऑन लाइन किया जाकर टेन्डर बुलाया जाना है. साथ ही भवन अनुज्ञा के आवेदनों की ऑन लाईन प्रविष्ठि तथा केन्द्र सरकार की योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे शौचालय निर्माण की प्रगति की जानकारी ऑन लाईन प्रविष्ठि तथा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सरकारी योजनाएं के प्रमाण पत्र निर्माण की प्रक्रिया कार्यालय नस्तियों का ई संधारण के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई.

कार्यशाला में अवधेश शर्मा, तपन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुनील तिवारी, अपर्णा क्षीरसागर, कनिष्का ढारगवे, डिगेश्वरी चन्द्राकर, पुरूषोत्तम सिन्हा, हिमांशु कावड़े, प्रीति वैष्णव, श्वेता महेश्वर, योगेन्द्र साहू, रीमा हुमने, एम संदीप, रेवती रमन शर्मा, भूपेन्द्र दिली, खुलेश साहू सहित नये अभियंता व ऑपरेटर उपस्थित थे.

नगर पालिक निगम भिलाई

# अमृत मिशन : निगम को मिला 1566.40 लाख

■ हमारे प्रतिनिधि | भिलाईनगर

राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ रायपुर से अमृत मिशन योजनांतर्गत भिलाई निगम को 1566.40 लाख रूपए की राशि मिल गई है. नगर निगम के अधिकारियों के अथक प्रयासों से उक्त राशि मिली हैं. इस राशि से वाटर सप्लाई, सीवरेज एवं सेप्टेज सिस्टम एवं उद्यान के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी.

निगम के कई वार्डों में जलापूर्ति की समस्या से जूझना पड़ रहा था. पुरैना, जोरातराई, डूंडेरा, मरोदा, नेवई, हाऊसिंग बोर्ड, घासीदास नगर, कुरुद, कोहका, नेवईभाठा, रुआबांधा इंटरनेशनल कालोनी में पानी की सप्लाई के लिए पीएचई एवं निगम प्रशासन ने संयुक्त रूप से प्रयास किया था. इस पर अमृत मिशन योजना के तहत वाटर सप्लाई कार्य के लिए केन्द्र सरकार ने 770.40 लाख रूपए एवं छत्तीसगढ़ शासन ने 462.24 लाख रूपए दिए हैं. मूल आवश्यकताओं को देखते हुए शीघ्र ही पेयजल का प्रस्ताव बनाकर टेण्डर किया जाएगा. हर हाल में नवंम्बर माह में कार्य शुरू हो जाएगा. पानी की समस्या से वार्डवासी लम्बे समय से परेशान है. इस विषय को लेकर पीएचई सहित तात्कालिक आयुक्त अनिल टुटेजा ने शासन को प्रस्ताव भेजा था. शासन ने केन्द्र को अवगत कराया इसके बाद ही राशि मिल पाई है. सीवरेज एवं सेप्टेज स्टिम की व्यवस्था के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही थी. केन्द्र ने अमृत मिशन योजना के तहत 200 लाख रूपए एवं छग राज्य ने 120 लाख रूपए की राशि दी है. इससे सीवरेज एवं सेप्टेज स्टिम को दुरुस्त किया जाएगा. तीसरे चरण में अमृत मिशन में पर्यावरण को महत्त्व दिया गया है. इस कारण निगम क्षेत्र के रिक्त भूखण्ड में उद्यान एवं वृक्षारोपण पर जोर दिया है. इस कार्य के लिए केन्द्र सरकार ने 8.60 लाख रूपए एवं छग शासन से 5.16 लाख रूपए की राशि मिली है. इन राशि को आरटीजीएस किया गया है.




**शासकीय मदद**

- पेयजल, सीवरेज एवं सेप्टेज तथा उद्यान पर होगा कार्य
- पेयजल का प्रस्ताव बना नवम्बर तक काम शुरू होगा
- अधिकारियों के अथक प्रयासों से राशि मिली

# आयुक्त ने की लोक सुराज के कार्यों की समीक्षा

भिलाई, 15 मई। निजी शौचालय निर्माण में हो रहे विलंब पर आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि अप्रारंभ शौचालय के निर्माण को तत्काल प्रारंभ करें ताकि शीघ्र ही लक्ष्य के अनुरूप निगम भिलाई के वार्डो को खुले शौच से मुक्त करने की दिशा में आगे बढ सकें। लोगों में जन-जागरण के लिए कला जत्था, कला मंडली के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें ताकि निर्धारित तिथि में संपूर्ण निगम क्षेत्र को ओ.डी.एफ घोषित किया जा सके। आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने निगम सभागार में निगम के समस्त अधिकारी एवं मैदानी क्षेत्र के कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि निजी शौचालय के निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही अथवा शिकायत अथवा गुणवत्ता के स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने समस्त जोन आयुक्तों एकता नगर, माहात्मा गांधी नगर, तेलगू मोहल्ला, दुर्गा मंदिर, मरोदा, नेवई, पावर हाउस सहित विभिन्न वार्डों में बन रहे सार्वजनिक शौचालय निर्माण की प्रगति के बारे में समीक्षा करते हुये कहा कि निर्माण के जो कार्य शेष बच गये हैं उसे एक माह में पूर्ण कर लें। उन्होंने क्षेत्र में गंभीर होते भू जल स्तर के प्रति सरकार की चिंता को बताते हुए कहा कि 1500 वर्ग फीट से अधिक के मकान दुकान में वाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य होगा। निगम क्षेत्र के 7 हजार ऐसे आवासीय एवं व्यवसायिक भवनो में रूफ तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी जोन आयुक्तों को अपने जोन कार्यालय में भवनों में निर्माण किये जाने वाले वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का मॉडल रखने के निर्देश दिये ताकि नागरिक उसे देखकर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप वाटर हार्वेस्टिंग बना सके। उन्होंने भवन अधिकारी जी.एस.ताम्रकार तथा राजस्व अधिकारी एच.के.चन्द्राकर को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे मकानों को चिन्हित किया गया है उनके के लिए नोटिस जारी करें तथा मैदानी क्षेत्र के कर्मचारियों को कहा जिन भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है उन्हें नोटिस तामिल करवाकर समय सीमा में सिस्टम लगाने को कहें। आयुक्त ने 5 करोड़ से अधिक की बकाया जलकर की राशि को वसुलने के लिए वसूली कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी से कहा कि 20 हजार से अधिक के बकायादारों को नोटिस भेजकर वसूली किया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को कहा कि सुबह 7 बजे तक शहर के सभी प्रमुख सड़कों की सफ़ाई तथा 9 बजे तक व्यवसायिक व मार्केट क्षेत्र की नियमित रूप से सफाई हो इसके लिए सभी स्वच्छता निरीक्षकों को पत्र जारी कर निर्देश देवें। सार्वजनिक निजी शौचालय की सफाई नियमित हो नाली, नहर एवं बड़े नालों की सफाई बारिश के पहले हो जाये इस दिशा में कार्य करें। उन्होंने अवैध निर्माण तथा हो रहे अतिक्रमण पर सख्ती से कार्यवाही करने को कहा। आयुक्त ने सांसद, विधायक निधि के चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य तय सीमा पर पूर्ण हो जायें। आयुक्त ने जोन के अधिकारियों से कहा कि सड़क प्रकाश व्यवस्था को समय पर चालू एवं बंद करें।

# सुराज शिविर में समस्या सुनने पहुंचे महापौर व निगम आयुक्त दुग्गा

भिलाई (अग्रदूत)। नगर निगम भिलाई वार्ड क्रमांक 37 सुभाष नगर में आज महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा अचानक अलग-अलग समय में वार्ड भ्रमण के लिए पहुचें। अचानक पहुंचने से अधिकारी कर्मचारी वार्ड कें शिविर स्थल से उनके पास पहुचने के पहले ही नागरिकों ने वार्ड की समस्याओं के संदर्भ में उनसे चर्चा की।



आयुक्त द्वारा वार्ड भ्रमण में नागरिकों द्वारा बताया गया स्थलों का निरीक्षण किया, जहां 3 स्थनों पर निजि शौचालय के निर्माण को लेंकर माप दण्डों में कमी पाये जाने से उपस्थित जोन के अधिकारियों को फ्टकार लगाते हुए तीनों निजि शौचालय को तोडकर सही मापदण्डों से बनाये एंव नये दरवाजें लगाने के निर्देश दिये।

महापौर द्वारा 15 दिन पूर्व अपने भ्रमण में जिन कार्यों को पूर्ण करने के निदेश दिये थे। उसमें कार्य पूर्ण नही पाये गये। आज के भ्रमण में आयुक्त एवं महापौर ने सफाई व्यवस्था को लेकर जोन कमिश्नर, स्वच्छता निरीक्षक को फ्टकार लगाते हुए 4 दिन के अन्दर सम्पूर्ण वार्ड की साफ-सफाई एंव नालें की चैडाई करने के साथ नालें एवं नालियों में अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के निर्देश दियें। साथ ही वार्ड में हो रहे निजि भवन निर्माण कार्य के परमिशन की भी जानकारी प्राप्त करने कहा।

आयुक्त ने वार्ड के नागरिकों को अश्वस्त किया कि जिन स्थानो पर पाईप लाइन से पेयजल प्राप्त नही हो रहा है, वहां परिवहन के माध्यम से नियमित पानी पहुंचाया जावेगा। जोन कमिश्नर एवं प्रशासनिक कर्मचारियों को वार्ड भ्रमण कर समस्याओं के निदान करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि अगर जोन के अधिकारी नियमित रूप से वार्डो का भ्रमण करेंगे, तो इस प्रकार की छोटी-छोटी समस्याओं का निदान शीघ्र हो सकेगा। आज के सुराज अभियान में वार्ड 27 में 4 अवैध कनेक्शन काटे गये एवं 5 नलों को नियमित किया गया। कुल 66 हजार रू की राशि नियमितिकरण से प्राप्त हुई। नेहरू नगर जोन में आज जलकर के रूप में 4.5 लाख रू के राशि हितग्राहियों ने जमा कराई।

# भिलाई को स्वच्छ बनाने आयुक्त ने किया निरीक्षण

## पेजयल आपूर्ति के समय विद्युत बंद करने का परिणाम अच्छा

**भिलाईनगर। आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने शनिवार को प्रात: 6 बजे से वैशाली नगर जोन 2 के वार्ड क्रमांक- 11, 13, 14, 15, का भ्रमण करते हुए पेयजल व्यवस्था एवं वार्ड की साफ-सफाई का निरीक्षण किया।**



प्रात: 6 बजे निगम द्वारा पेजयल आपूर्ति के समय विद्युत बंद करने का परिणाम अच्छा मिल रहा है। आयुक्त के भ्रमण में जोन के खम्हरिया, सपेुला, कोहका जोन 2 के रामनगर, राजीव नगर, क्षेत्र के उन स्थानों पर भी पानी पहुंचाया गया जहां कम प्रेशर के कारण कभी-कभी पानी ही नहीं पहुंच पाता था। आयुक्त दुग्गा 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम पहुचंकर मुक्तिधाम के विस्तार के कार्यों का अवलोकन किया जहां अतिरिक्त 2 टिन शेड का निर्माण एवं पुराने स्थल पर फायर ईंट एवं ब्लाक लगाने का कार्य हो रहा है। उद्यान के विकास, गेट एवं पानी के लिए बनाए जा रहे स्थलों का निरीक्षण किया। ये सभी कार्य शवयात्रा में आने वालों के लिए आवश्यक है। समय-समय पर इसकी मांग की जाती रही है। आयुक्त ने निर्माण कार्य को तेजी से करने एवं सुविधा बनाये रखने के साथ किस्तों में करने कहा ताकि शवदाह में कोई असुविधा न हो। भ्रमण में वार्ड पार्षद श्री रिकेश सेन, कार्यपालन अभियंता देवेन्द्र वर्मा, त्रिलोचन सिंह, उप अभियंता भी उपस्थित थे। इस मुक्तिधाम का विकास कार्य 50 लाख की लागत से किया जा रहा है।

वैशाली नगर जोन के जल कार्य की समीक्षा में जोन के जल प्रदाय कनेक्शन पर करीब 2 करोड़ रु. की राशि जलकर के रूप में बकाया होने पर आयुक्त दुग्गा ने जोन कमिश्नर डी.के.वर्मा से सभी बकायादारों को नोटिस एवं देयक भेजकर राशि वसूल करने का निर्देश दिया। एवं प्रतिमाह जल कार्य की राशि वसूल हो सके ऐसी कार्य योजना बनाने कहा गया। आयुक्त दुग्गा ने प्रात: 8 से 10 बजे तक एक जोन कार्यालय में उपस्थित रहकर जल कार्य में बनाये सूची का अवलोकन किया। गत 1 अप्रैल से इस जोन में जल कार्य के उप अभिंयता एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं की सूची एवं राशि की सूची बना रहे हैं। आयुक्त ने उसे अनुमोदित कर सूची के अनुरूप राशि वसूलने के आदेश दिये।

**Editorial Board**

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई